अब तो फैशन के क्षेत्र में भी लोक कलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। केवल हस्त शिल्प कला ही नहीं बल्कि चित्रकलाओं को भी फैशन इंडस्ट्री में जगह दी जा रही है। फैशन और कला दो ऐसी विधाएँ हैं जो अपनी अद्वितीय रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज को नया दृष्टिकोण देती है। फैशन इंडस्ट्री के साथ लोक कलाओं का समायोजन बहुत ही खूबसूरत परिणाम भी दे रहा है यह चित्रकलाएँ कपड़ों को नायाब अंदाज देने के साथ–साथ ट्रेंड को अर्थपूर्ण भी बनाती हैं।

जो पहले कागजों, दीवारों और पेड़ पत्तों का हिस्सा हुआ करती थी और अब इन्हें साड़ियों की शोभा बढ़ाते भी देख सकते हैं। कलमकारी आर्टवर्क एक पारंपरिक भारतीय आर्ट फॉर्म है, ये रंगी स्याही और कलम के माध्यम से पहले कागजों पर की जाती थी परन्तु अब आम कलमकारी प्रिंट और पेंटिंग वाली साड़ियाँ भी बाजार में देखी जा सकती हैं। यह कला आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में प्रमुखता से प्रचलित है। इस कला में आज भी प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है।


साड़ी में गोंड कला भारतीय आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और आज भी है। इस कला में अनूठी शैली और तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यह कला मुख्यतः मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के कलाकारों द्वारा आज भी की जाती है। गोंड कला में पेड़–पौधे, जानवर, पक्षी और प्राकृतिक दृश्य मुख्य रूप से चित्रित होते हैं।

मधुबनी कला, जिसे मिथिला चित्रकला के नाम से भी जाना जाता है, बिहार के मिथिला क्षेत्र की दीवारों पर हर जगह देखने को मिलती है। यह पारंपरिक कला विशेष अवसरों पर बनाते समय लोक गीतों को गाकर और उत्सव के माहौल में तैयार की जाती है। मधुबनी कला की खासियत यह है कि इसमें लोक कथाओं और धार्मिक विषयों को चित्रित किया जाता है, जिससे यह कला जीवंत और सजीव प्रतीत होती है। प्राचीन काल में, इस कला का उपयोग विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक समारोहों के दौरान किया जाता था।

फैशन और कला का यह मिलन समाज को न केवल रचनात्मक दृष्टिकोण देता है, बल्कि हमारे देश की कला और संस्कृति को और भी ज्यादा समृद्ध बनाता है।



पलक चटर्जी
एकादश 'आई'
SBPS/11-12/1450





आकृति झा
सप्तम् 'ई'
SBPS/21-22/6473





अदिति सोमानी
एकादश 'जी'
SBPS/12-13/1783

नृत्य कला : भारत की आत्मा

भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और विविध परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। इस सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण अंग है नृत्य कला, जिसे भारत की आत्मा का प्रतीक माना जाता है। नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, धर्म और समाज का महान मूल्यों को प्रकट करने का माध्यम भी है।

नृत्य भारत की आत्मा है क्योंकि यह हमारी संस्कृति, धर्म, इतिहास और जीवन के सभी पहलुओं को प्रतिबिंबित करता है। यह हमारी सांस्कृतिक जड़ों को संजोए रखने का माध्यम है। जब कोई कलाकार नृत्य करता है तो वह न केवल अपने भाव प्रकट करता है, बल्कि भारतीय परंपरा और विरासत को भी जीवंत करता है।

भारत में नृत्य की परांपराएँ अत्यंत प्राचीन हैं। यह वेदों, उपनिषदों और पुराणों में भी वर्णित है। भारतीय नृत्य दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित है:

शास्त्रीय नृत्य :

भारतीय शास्त्री नृत्य की विधाएँ, जैसे भारतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, मणिपुरी, मोहिनी अट्टम, और ओडिसी, देवताओं की स्तुति और धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए विकसित हुई। हर शास्त्रीय नृत्य शैली में मुद्राएँ (हस्तक) और भंगिमाएँ (अंगिक अभिव्यक्ति) विशेष महत्व रखती है।

लोक नृत्य :

लोक नृत्य क्षेत्रीय विविधता का दर्पण है। भांगड़ा, गरबा, घूमर, बिहू ओर लावणी जैसे नृत्य रूप भारतीय समाज की परंपराओं, त्योंहारों और दैनिक जीवन से जुड़ी कहानियों को व्यक्त करते है।

नृत्य और भारतीय संस्कृति

भारतीय नृत्य केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और आत्म अभिव्यक्ति का साधन है। यह धर्म पौराणिक कथाओं और जीवन के मूल्यों को गहराई से जोड़ता है। नृत्य में संगीत वाद्ययंत्र और साहित्य का अद्भुत समन्वय होता है, जो भारतीय संस्कृति की गहराई और समृद्धि को प्रकट करता है।

भारत में नृत्य केवल कला का रूप नहीं बल्कि आध्यात्मिक अनुभव है। नटराज जो भगवान शिव के नृत्य का स्वरूप है सृष्टि के निर्माण और विनाश का प्रतीक है। नृत्य के माध्यम से भक्त अपनी भक्ति और भावनाऐं ईश्वर तक पहुँचाते हैं। कृष्ण और गोपियों की रासलीला इस बात का प्रतीक है कि नृत्य आत्मा और परमात्मा के मिलन का माध्यम हो सकता है।

नृत्य समाज और संस्कृति का दर्पण है। यह हमारी परांपराओं लोककथाओं, और उत्सवों को जीवित रखने का माध्यम है। इसके माध्यम से सामाजिक समस्याओं को दर्शाया जाता है। शिक्षा और जागरूकता फैलाने का काम किया जाता है। विविध भाषाओं धर्मों और संस्कृतियों को एक लाने का प्रयास होता है।

आधुनिक समय में नृत्य ने एक नए आयाम को छुआ है। यह कला अब केवल मंदिरों या सांस्कृतिक मंचों तक सीमित नहीं है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। भारतीय नृत्य आज योग और ध्यान के साथ जोड़कर मानसिक शांति और शारीरिक स्वस्थ्य के लिए अपनाया जा रहा है।

नृत्य कला भारत की आत्मा है जो हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखती है यह न केवल हमारे इतिहास और धर्म का हिस्सा है, बल्कि हमारे सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन को भी समृद्ध करता है। भारतीय नृत्य कला आपनी विविधता और गहराई के कारण सदा हमारी संस्कृति का गौरव बनी रहेगी। नृत्य कला भारत की आत्मा है जो सदियों से हमारी संस्कृति को समृद्ध और सजीव बनाए हुए है। यह कला हमारे भौतिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच सेतु का कार्य करती है। हमें नृत्य की इस परंपरा को संजोने और आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसकी मधुरता और गहराई का अनुभव कर सकें। नृत्य केवल एक कला नहीं बल्कि जीवन को उत्सव और पूजा में बदलने का माध्यम है।



शौर्य अनन्त
नवम् 'जी'
SBPS/17-18/4497

पाक कलाः विज्ञान एवं कला का अनोखा मिश्रण

खाना बनाना केवल पेट भरने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी कला है जो प्रेम, धैर्य, रचनात्मकता और समर्पण से भरी है। यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसके महत्व को अक्सर नजर अंदाज कर दिया जाता है। खाना बनाने की प्रक्रिया न केवल हमारे शरीर के लिए ऊर्जा का स्रोत है, बल्कि यह हमारे जीवन में सुखद अनुभव, यादें और रिश्तों की गहराई भी जोड़ती है।

खाना बनाना एक ऐसा कौशल है जो किसी भी साधारण सामग्री को एक स्वादिष्ट और लुभावने व्यंजन में बदलने की क्षमता रखता है। यह कौशल केवल किताबें या रेसिपी के जरिए नहीं सीखा जा सकता, बल्कि अनुभव और अभ्यास के साथ निखरता है। इसमें स्वाद, सुगंध और पोषण का तालमेल स्थापित करना होता है। खाना का यह हुनर हर व्यक्ति में अलग होता है।

खाना बनाना विज्ञान और कला का अनोखा मिश्रण है। भोजन पकाने के लिए सही तापमान, सही समय और सही सामग्री का उपयोग करना एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। जैसे रोटी बनाने के लिए आटे का अनुपात, पानी की मात्रा और तवे की गर्मी सब कुछ सटीक होना चाहिए। वहीं, इसे कैसे प्रस्तुत किया जाए और, मसालों का संतुलन कैसे बनाया जाए, यह पूरी तरह एक कला है। एक साधारण दाल भी तब खास बन जाती है जब उसमें रचनात्मकता और प्यार का तड़का लगाया जाता है।

खाना बनाना केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है; इसमें भावनाएँ भी जुड़ी होती है। माँ के हाथ का खाना, दोस्तों के साथ पिकनिक, यह सब हमारी भावनाओं और यादों में गहराई से जुड़े होते है। खाना बनाते समय व्यक्ति अपनी भावनाओं को उसमें डालता है और यही उसे खास बनाता है।

खाना बनाना रचनात्मकता को व्यक्त करने का एक शानदार, माध्यम है। दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों में खाने की जो विविधता दिखाई देती है; वह इस कला की विशालता को दर्शाती हैं हर क्षेत्र के अपने खास व्यंजन होते हैं, जिनमें स्थानीय मसालों और सामग्रियों का उपयोग होता है। खाना बनाते समय हर व्यक्ति अपने अनूठे तरीके के स्वाद और प्रस्तुति का प्रयोग करता है, जिससे एक नई रचना सामने आती है।

खाना बनाना केवल पेट भरने का जरिया नहीं है; यह हमारी परपंरा और संस्कृति को भी आगे बढ़ाने का माध्यम हैं त्योहारों पर बनाए जाने वाले विशेष पकवान, शादी–ब्याह की दावतें, या पारिवारिक रात्रि भोज, यह सब हमारे जीवन की खुशियों और सामाजिक जुड़ाव का हिस्सा है। खाना बनाने और खाने की ये परंपराएँ हमारे रिश्तों को मजबूत बनाती है और हमारी संस्कृति को समृद्ध करती है।

खाना बनाना हमें आत्मनिर्भर बनाता है। जब हम खुद खाना बनाते हैं, तो हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का अवसर मिलता है। बाहर के खाने की तुलना में घर का बना खाना अधिक पौष्टिक और स्वच्छ होता है। यह हमें न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखता है।

खाना बनाना केवल एक जिम्मेदारी समझने के बजाय, हमें इसे रचनात्मकता और प्रेम के साथ अपनाना चाहिए। जब हम इसे एक कला के रूप में देखते हैं, तो यह हमारे जीवन में खुशियों और संतोष का स्रोत बन जाता है। खाना बनाना सचमुच एक ऐसी कला है, जो हर किसी के जीवन को रंगीन और विशेष बनाती है।

खाना बनाना, जो एक साधारण प्रक्रिया है जीवन को रंगीन और समृद्ध बनाने का माध्यम है। इसे केवल रोजमर्रा का काम समझने के बजाए एक कला के रूप में देखना चाहिए। यह हमें न केवल बेहतर खाना बनाने की प्रेरण देता है, बल्कि परिवार और समाज को जोड़ने का ज़रिया भी बनता है।



सान्या मोदी
दशम् 'जी'
SBPS/14-15/2443

डिजिटल आर्ट : कला की नई परिभाषा

आज के तकनीकी युग में कला के क्षेत्र में डिजिटल आर्ट एक नई और रोमांचक क्रांति लेकर आई है। यह पारंपरिक कला का एक आधुनिक स्वरूप है, जिसमें कलाकार डिजिटल उपकरणों और सॉफ्टवेयर का उपयोग करके अपनी रचनात्मकता को जीवंत करते हैं।

डिजिटल आर्ट वह कला है जिसे कांप्यूटर, टैबलेट या अन्य डिजिटल डिवाइस की मदद से बनाया जाता है। इसमें चित्रांकन पेंटिंग, ग्राफिक्स डिज़ाइन, 3डी मॉडलिंगस् एनीमेशन और वीडियो एडिटिंग शामिल है। डिजिटल आर्ट को प्रिंट किया जा सकता है, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा सकता है, और इसे बार–बार संशोधित भी किया जा सकता है। आइए जानते हैं, इसके बारे में –

1. डिजिटल पेंटिंग – यह पारंपरिक पेंटिग की तरह, लेकिन डिजिटल उपकारणों द्वारा तैयार की जाती है।

2. ग्राफिक डिज़ाइन – पोस्टर, लोगो, और ब्रांडिंग के लिए डिज़ाइन के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

3. 3डी मॉडलिंग – मूवी गेम में इस्तेमाल होने वाली 3डी मॉडल भी इसके अन्तर्गत आते हैं।

4. एनीमेशन – मूवी और कार्टून में चलने वाले ग्राफिक्स।

इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ –

1. लचीलापन – डिजिटल आर्ट को बार–बार संपादित किया जा सकता है।

2. प्रभावशाली उपकरण – विभिन्न सॉफ्टवेयर की मदद से बारीकियों को आसानी से तैयार किया जा सकता है।

3. साझा करना आसान – डिजिटल फाइल्स को सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर शेयर करना बेहद सरल है।

निम्न तरीकों से इसे सीखा जा सकता है –

1. सॉफ्टवेयर का चयन करें – ADOBE PHOTOSHOP, ILLUSTRATOR, PROCREATE, IBIS PAIT X, जैसे सॉफ्टवेयर चुने।

2. ऑनलाइन ट्यूटोरियल देखें – YOUTUBE, COURSERA और SKILLSHARE पर उपलब्ध कोर्स।

3. प्रैक्टिस करे – अपनी रचनात्मकता को समय के साथ निखारें।

डिजिटल आर्ट न केवल कलाकारों के लिए नए द्वार खोल रही है, बल्कि यह कला के अधिक व्यापक, सुलभ और रोचक बना रही है। यदि आप रचनात्मक हैं और तकनीक में रूचि रखते हैं, तो डिजिटल आर्ट आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

संपादन में आसानी – किसी भी डिज़ाइन या पेंटिंग को बार–बार संशोधित और अपडेट किया जा सकता है।

कई माध्यमों में अनुकूलता – डिजिटल आर्ट की प्रिंट, वीडियो, एनीमेशन या इंटरैक्टिव प्रोजेक्ट्स में इस्तेमाल किया जा सकता है।

पर्यावरण के अनुकूल – पारंपरिक कला में रंगों और कैनवास की जरूरत होती है, जबकि डिजिटल कला में यह सब डिजिटल उपकरणों में ही होता है।

लचीलापन – कलाकार एक ही आर्टवर्क को विभिन्न स्टाइल्स और फॉर्मेट्स में बना सकते हैं

डिजिटल आर्ट का प्रयोग

1. फिल्म इंडस्ट्री – VFX और एनिमेशन में डिजिटल आर्ट का बड़ा योगदान है।

2. गेमिंग – कैरेक्टर डिज़ाइन, बैकग्राउंड और ग्राफिक्स पूरी तरह से डिजिटल आर्ट पर आधारित हैं।

3. मार्केटिंग और विज्ञापन – सोशल मीडिया मार्केटिंग में ग्राफिक डिजाइन का महत्वपूर्ण स्थान है।

4. शिक्षा – शिक्षण सामग्री, ई–लर्निंग प्लेटफॉर्म में इसका उपयोग बढ़ा है।

1. NFTS और ब्लॉकचेन आर्ट
2. A I आधारित कला
3. इंटरएक्टिव अनुभव
4. ग्लोबल आउटरीच

1. डिजिटल पेंटिंग्स
2. 3डी आर्ट
3. इंस्टाग्राम फिल्टर
4. NFT आर्ट

1. तकनीकी निर्भरता
2. कॉपीराइट का मुद्दा
3. महंगे उपकरण
4. समय की मांग

डिजिटल आर्ट के जरिए कलाकार अपनी कल्पना को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है यह कला का भविष्य है, [illegible] पारंपरिक कला को पुनपरिभाषित क[illegible] बल्कि हर क्षेत्र में क्रांति ला रहा है।



अनन्या रॉय
एकादश-'आई'
SBPS/ 24-25/8213

कला शिक्षा और लोक संस्कृति

कला, शिक्षा और लोक संस्कृति एक–दूसरे में गहराई से जुड़ी हुई हैं। कला शिक्षा समाज में सृजनात्मकता, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देती है, जबकि लोक संस्कृति उस समाज की परंपराओं, मान्यताओं और मूल्यों का प्रतीक है। दोनों मिलकर व्यक्ति और समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कला शिक्षा का महत्व

कला शिक्षा बच्चों और युवाओं में रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करती है। यह उन्हें अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम प्रदान करती है। पेंटिंग, संगीत, नृत्य, मूर्तिकला, नाटक आदि कला रूप न केवल व्यक्तिगत विकास में सहायक होते हैं बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं।

कला शिक्षा छात्रों को इतिहास, संस्कृति और समाज की बेहतर समझ प्रदान करती है। यह उनकी आत्म–अभिव्यक्ति और समस्या–समाधान की क्षमता को भी बढ़ाती है। साथ ही यह मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में सहायक होती है।

लोक संस्कृति का महत्व

लोक संस्कृति किसी भी समाज की परंपराओं, रीति–रिवाजों, लोक गीतों, लोक कथाओं, नृत्य, कढ़ाई, हस्तकला और त्योहारों में जीवित रहती है। लोक संस्कृति हमारे पूर्वजों की जीवनशैली, उनकी सोच और उनके अनुभवों का संग्रह है।

कला शिक्षा और लोक संस्कृति एक–दूसरे के पूरक है। कला शिक्षा लोक संस्कृति को संरक्षित करने और उसे नई पीढ़ियों तक पहुँचाने में मदद करती है।

कला शिक्षा के माध्यम से लोक संस्कृति को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।

आधुनिक युग में वैश्वीकरण और तकनीकी विकास के कारण लोक संस्कृति और परंपराएँ धीरे–धीरे विलुप्त हो रही है।

कला शिक्षा हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है और सृजनात्मकता को बढ़ावा देती है, जबकि लोक संस्कृति हमें हमारे अतीत और परंपराओं से परिचित कराती है। दोनों को संरक्षित और प्रोत्साहित करना आवश्यक है ताकि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और

सृजनात्मकता आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रह सके।


कला शिक्षा और लोक संस्कृति एक–दूसरे के पूरक है। कला शिक्षा व्यक्ति के भीतर संवेदनशीलता और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास करती है। यह केवल तकनीकि कौशल नहीं सिखाती, बल्कि हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों को पहचानने और उन्हें संरक्षित करने की प्रेरणा देती है।

लोक संस्कृति, जो किसी समाज की परंपराओं, रीति–रिवाजों, और जन–जीवन का जीवंत रूप है, कला शिक्षा के माध्यम से ही आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाई जा सकती है। यह दोनों न केवल सांस्कृतिक धरोहर हो संरक्षित करती है, बल्कि सामाजिक एकता, पहचान और सांस्कृतिक विविधता को भी प्रोत्साहित करते हैं।

आज जब वैश्वीकरण और आधुनिकता की बाढ़ में पारंपरिक कलाएँ, और लोक संस्कृति खतरे में है, कला शिक्षा के माध्यम से उनका प्रचार–प्रसार और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उसका उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक विरासत को बचाना है। बल्कि नई पीढ़ी को सृजनशील और सामाजिक दृष्टिकोण से समृद्ध बनाना भी है। इस प्रकार, कला शिक्षा और लोक संस्कृति का समन्वय एक सशक्त समाज और सजीव परंपरा का निर्माण करता है।

नव्या निधि
नवम् 'ई'
SBPS-14-15/2545







आरव कुमार
सप्तम् 'ई'
SBPS/16-17/3793

तारों की छाँव में कला और कविता

तारों की छाँव में कला और कविता – यह वाक्यांश ही कितना मनमोहक है! आकाश में टिमटिमाते तारे सदियों से मनुष्य को मोहित करते आए हैं। इनकी चमक ने कवियों और कलाकारों को प्रेरित किया है और उनके कार्यों में एक अद्भुत रंग भर दिया है।

कविता में तारे : कविता में तारों को अक्सर प्रेम, आशा और अनंतता का प्रतीक माना गया है। वे अकेलेपन में साथी, अँधेरे में प्रकाश और सपनों की दुनिया का द्वार होते हैं। तारों की चमक ने कवियों को प्रकृति के सौंदर्य का वर्णन करने और जीवन के गहन अर्थ को खोजने में मदद की है।


कला में तारे : कलाकारों ने तारों को विभिन्न रूपों में चित्रित है। तारों को कैनवास पर उकेरा गया है, मूर्तियों में ढाला गया है और यहाँ तक कि वास्तुकला में भी उनका प्रयोग किया गया है। तारों की चमक ने कलाकारों को अमूर्त भावनाओं को व्यक्त करने और दर्शकों को एक नए दृष्टिकोण से दुनियाँ को देखने के लिए प्रेरित किया है।

तारों का वैज्ञानिक पक्ष : तारों का हमारे जीवन पर केवल भावनात्मक प्रभाव ही नहीं पड़ता बल्कि उनका वैज्ञानिक महत्व भी है। तारे ब्रह्माण्ड के रहस्यों को उजागर करने में हमारी मदद करते है। वैज्ञानिकों ने तारों का अध्ययन करके ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति और विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की हैं।

तारे सिर्फ आकाश में चमकदार बिंदु नहीं है बल्कि वे मानव सभ्यता के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तारों की छाँव में कला और कविता का एक अद्भुत सम्मिश्रण है जो हमें प्रकृति के सौंदर्य और जीवन के रहस्यों के बारे में सोचने पर मजबूर करता है।



शौर्वी शान्वी
एकादश 'आई'
SBPS/12-13/1771









कृष्णा राज
द्वितीय 'ए'
SBPS/21-22/6404



मिष्टी कुमारी
प्रथम 'ई'
SBPS/23-24/7297



प्राञ्जल
सप्तम् 'ई'
SBPS/16-17/3696

ज्ञान में कला का संसार

"जहाँ मन डर से मुक्त हो,
और ज्ञान खुलकर बह सके।
जहाँ विचार को मिले उड़ने का अधिकार
वही ज्ञान और कला का है संसार।
जैसे कोई नदी शांत पर्वतों से अपना सफर शुरू करती है,
उसकी कलकल ध्वनि हमें शांति का अनुभव कराती है।
वह नदी न जाने कितने पेड़ों को सींचती है,
कितने प्यासों को तृप्त करती है, और अंत में समंदर से जाकर मिल जाती है।
लेकिन क्या नदी कभी रूकती है? नहीं।
वह निरंतर बहती है, जैसे जीवन चलता है।
नदी का पानी केवल बहता हुआ जल नहीं है
वह जीवन का प्रतीक है।
जीवन जीते जीते, और प्रेम से जीवन जीतकर,
लिख रही थी यह कविता प्यारी हमारी राधारानी,
जो एक छोटे से गाँव की लड़की थी,
जहाँ हर दिल सूरज और चाँद मिलकर रात–दिन की कहानी कहते।

एक दिन जंगल के पास बसे इस छोटे से गाँव में चहल–पहल का माहौल था। गाँव के बुजुर्गों ने घोषणा की थी कि जो भी, "ज्ञान का पहाड़" चढ़ेगा, उसे अनमोल खजाना मिलेगा, जो उसके जीवन में बहुत काम आएगा। खजाने की लालच में गाँव के दो बच्चे अनुभव और राधा–सफर पर निकले।

अनुभव पढ़ाई में बहुत तेज़ था। उसने किताबों में पहाड़ चढ़ने के तरीके पढ़े थे। दूसरी ओर, राधा एक कलाकार और लेखिका थी। उसने बचपन से प्रकृति को अपनी प्रेरणा माना था। दोनों ने अलग–अलग रास्ते चुने। अनुभव सीधे ऊँचाई की ओर बढ़ा। उसके पास नक्शा था, उसने रास्ते में पत्थरों को हटाया, तेज़ी से चढ़ाई की, लेकिन पहाड़ के मध्य तक पहुँचते–पहुँचते उसकी साँसे थमने लगीं। वह थक चुका था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि आगे कैसे बढ़ें वहीं राधा धीरे–धीरे चलते हुए, आस–पास के पेड़ों चिड़ियों और बहते झरनों को देख रही थी। उसने सोचा "यह पहाड़ अपनी कहानी सुना रहा है। इसे महसूस करो।" उसने गीत गुनगुनाए, रास्ते पर फूलों की सुंदरता का कैनवास पर उतार। हर मोड़ पर उसे नई प्रेरणा मिली। जब दोनों पहाड़ की चोटी पर पहुँचे, तो वहाँ कोई खजाना नहीं था। बस एक पत्थर पर लिखा था :

"ज्ञान वह है तो तुम्हें रास्ता दिखाए, और
कला वह जो तुम्हे रास्ते का आनंद दे।"

अनुभव ने राधा की पेंटिग देखी और कहा, "मैनें पहाड़ को सिर्फ चढ़ा, लेकिन तुमने इसे जिया। यही फर्क है शिक्षा और कला के मेल में।"

फिर,

राधा ने कहा अनुभव से ज्ञान और कला का संगम है रास्ता। कला बिना ज्ञान कला सूना सा लगता है। जैसे सूरज और चाँद मिलते हैं आकाश में, वैसे ज्ञान और कला मिले हैं, जीवन के प्रकाश में।

दोनों के संग से हर राह चमकता है, हर पल में एक नये जोश की तरंग उठती है।



हंशिका अग्रवाल
एकादश 'ई'
SBPS/17-18/4455

त्योहारों में कला का कमाल

"कभी कभी लगता है अपुन ही भगवान है"

यह डायलॉग सुनने में मजाकिया लगता है, लेकिन इसके अंदर एक गहरी सच्चाई छुपी है : जब हम अपने काम, अपने जुनून या अपनी जड़ों से जुड़ते है, तो हमें जीवन में स्पष्टता मिलती है। पर क्या हो अगर हम इस तेज़–तर्रार, पश्चिमी वाले जेन–जी की दुनिया में इतना खो जाए कि कभी खुद के अंदर झांक ही न पाए?

यह कहानी है पुणे के 21 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र आरव मल्होत्रा की, जो बाकी युवाओं की तरह अपनी ज़िंदगी रील्स देखते, इंटरनेशनल शो बिंज–वॉच करते और विदेश में पढ़ाई का सपना देखते हुए बिता रहा था। आरव के लिए जीवन का मतलब बस "बड़ा आदमी बनना" था। दिवाली और होली जैसे त्योहार उसके लिए सिर्फ इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के हैशटैग बन चुके थे या फिर लॉन्ग वीकेंड पर गोवा पलान करने का बहाना। परंपरा? संस्कृति? यह सब उसे बेमतलब, आउटडेटेड और पुरानी पीढ़ी की चीजें लगती थीं।

आरव की जिंदगी का सिंपल फॉर्मूला था : "बड़ा करो, पैसा कमाओ, और दुनिया देखो।" पर वे कहते है न, कभी–कभी ज़िंदगी आपको ऐसे मोड़ पर ले आती है, जहां सबकुछ पलट जाता है।

आरव की कहानी, कहानी तब बदलनी शुरू हुई जब उसकी दादी की तबीयत अचानक खराब हो गई। दादी, जो हमेशा पूजा–पाठ में लगी रहती थी और हर त्योहार को बड़े उत्साह से मनाती थीं, अस्पताल में भर्ती थीं घर में अचानक तनाव का माहौल हो गया। एक दिन, जब दादी आई सी यू में थीं, आरव ने उन्हें कहते सुना, "तूने कभी त्योहारों का असली आनंद नहीं लिया, आरव। जब अपने जड़ों से जुड़ेगा, तब समझेगा कि खुशी क्या होती है।" यह बात आरव के दिल में कहीं गहरे उतर गई। लेकिन वो इसे ज्यादा सीरियसली नहीं ले रहा था।

कुछ दिन बाद, जब दादी ठीक होकर घर लौटी, उन्होंने पूरे परिवार से कहा, "इस बार मकर संक्रांति कुछ अलग तरीके से मनाएंगे। सबको मेरे साथ पूरी तैयारी करनी होगी। आरव, तुम्हें भी।" आरव ने यह सोचकर हामी भर दी कि दादी की खुशी के लिए यह करना ठीक रहेगा।

मकर संक्रांति की तैयारी शुरू हुई। पतंग बनाना, तिल–गुड़ के लड्डू तैयार करना, रंगोली बनाना – यह सब आरव के लिए नया था। दादी ने उसे समझाया कि हर चीज का एक अर्थ होता है। जैसे तिल और गुड़ ये हमे सिखाते हैं कि रिश्तों में मिठास बनाए रखें। पतंग उड़ाना – यह आसमान छूने की प्रेरणा देता है, लेकिन डोर को हमेशा जमीन से जुड़े रहना चाहिए।

पतंग बनाते समय दादी ने उससे पूछा, "तुझे पता है, यह कला क्यों खास है?" आरव ने सर हिलाते हुए कहा, "नहीं दादी।" दादी मुस्कुराई और बोलीं, "क्योंकि यह हमें सिखाती है कि एक साधारण चीज़ को सुंदरता और मेहनत से अनमोल बनाया जा सकता है। पतंग का मतलब सिर्फ कागज़ और डोरी नहीं है, बेटा। यह सपना है, जा उड़ेगा जब हम मेहनत करेंगे।

त्योहार के दिन आरव ने देखा कि पड़ोसी, रिश्तेदार, दोस्त सब एक साथ आए थे। कोई मिठाई बांट रहा था, कोई पतंग उड़ाने में मदद कर रहा था। आरव ने पहली बार महसूस किया कि यह त्योहार किसी दिखावे के लिए नहीं है। यह तो रिश्तों की मजबूत करने, अपनी जड़ों से जुड़ने और खुद को पहचानने का तरीका है।

शाम को जब आरव ने आसमान में अपनी पतंग उड़ते देखी, तो उसे लगा कि उसकी दादी सही थीं।

उस दिन के बाद आरव ने अपनी दादी के

साथ हर त्यौहार मनाना शुरू कर दिया। उसने देखा कि ये त्योहार सिर्फ रस्में नहीं है, यह हमें खुद को, अपनी संस्कृति को और अपने परिवार को समझने का मौका देते है। धीरे–धीरे, उसकी सोच बदलने लगी।

कई महीनों बाद, जब आरव के दोस्त उससे उसकी बदली हुई सोच के बारे में पूछते, तो वह मुस्कुराकर कहता, "जिंदगी में पैसे और सपनों का पीछा करना सही है। पर यह त्योहार और हमारी कला हमें यह सिखाते है कि जब तक हमारी जड़े मजबूत नहीं होंगी, जब तक उड़ान का मज़ा नहीं आएगा।"


और हां, आरव अब मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाते हुए यही डायलॉग दोहराता है : बड़े–बड़े देशों में ऐसी छोटी–छोटी बातें होती रहती है"

त्योहारों में कला का कमाल यही है कि यह हमें जीवन जीने का सही अर्थ सिखाते है। यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ते है और हमें हमारी पहचान का एहसास कराते है। अगर हम अपनी संस्कृति से जुड़े रहे, तो जीवन में कभी कन्फ्युजन नहीं रहेगा।

तो अगली बार जब कोई त्योहार आए, इसे सिर्फ छुट्टी के तौर पर मत देखिए। इसी एक मौका समझिए – खुद को, अपने परिवार को और अपनी संस्कृति को गहराई से समझने का।



दैविक अग्रवाल
एकादश 'ई'
SBPS/17-18/4456





आद्या मिश्रा
प्रथम 'एफ'
SBPS/24-25/8017

भारतीय नृत्य की विभिन्न शैलियाँ

भारतीय नृत्य शैलियाँ केवल मनोरंजन का साधन नहीं है वे भारतीय समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक मूल्यों को व्यक्त करती है। ये नृत्य भगवान की अराधना, कथा–वाचन और समाज के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने का माध्यम है। आधुनिक युग में इन नृत्य शैलियों को नए प्रयोगों और तकनीकों के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे इनकी लोकप्रियता बढ़ी है। आज भारतीय नृत्य शैलियाँ न केवल देश में, बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रसिद्ध है। आधुनिक भारतीय नृत्य की विविधता और गहराई इसे विश्व की अनमोल धरोहर बनाती है। शास्त्रीय नृत्य भारतीय परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो नाट्यशास्त्र पर आधारित है। इनमें अनुशासन, तकनीकी कौशल और अभिव्यक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। भारत में आठ प्रमुख शस्त्रीय नृत्य शैलियाँ मान्यता प्राप्त है।

1. भारत नाट्यम (तमिलनाडु) - भारतनाट्यम भारत का सबसे प्राचीन शस्त्रीय नृत्य माना जाता है। इसकी उत्पत्ति तमिलनाडु के मंदिरो में हुई थी। यह नृत्य भगवान शिव की अराधना में किया जाता है और इसके नृत्य, भाव (अभिनय) और संगीत का सुंदर संयोजन होता है। इसमें मुद्राओं (हाथ की हरकतों) और अभिव्यक्ति (भाव) का प्रयोग कर कहानियों को प्रस्तुत किया जाता है।

2. कथक (उत्तर भारत) - कथक नृत्य का जन्म उत्तर भारत में हुआ है और यह "कथा" या कहानी सुनाने की शैली से संबंधित है। इसमें नर्तक या नर्तकी अपने पैरों की गति घूमने और चेहरे को अभिव्यक्ति के माध्यम से कहानियों को प्रस्तुत करते हैं। मुगलकाल के दौरान यह दरबारी नृत्य के रूप में विकसित हुआ।

3. कथकली (केरल) - कथकली एक नाटकीय नृत्यशैली है। यह केरल के मंदिरों में उत्पन्न हुई। इसमें नर्तक, भव्य वेशभूषा और मेकअप पहनकर पौराणिक कहानियों और हाथों की मुद्राओं के माध्यम से संवाद किया जाता है।

4. मोहनी अट्टम - केरल की एक और प्रमुख शास्त्रीय नृत्यशैली है, जिसमें कोमल और ग्रेसफुल मूवमेंट्स का प्रयोग किया जाता है। इस नृत्य का नाम "मोहिनी से लिया गया है जो भगवान विष्णु के स्त्री रूप को दर्शाता है।

5. कुचिपुड़ी (आंध्रप्रदेश) – कुचिपूड़ी आंध्रप्रदेश की नृत्यशैली है, जो नाटक औ नृत्य का मिश्रण है। पारंपरिक रूप में पुरूषों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है लेकिन आज इसे महिलाएँ भी करती है।

6. ओडिसी (ओडिशा) - ओडिसी नृत्य ओडिशा के मंदिरों से उत्पन्न हुआ जिसमें नर्तक या नर्तकी अपनी मुद्राओं और गतियों के माध्यम से धार्मिक कहानियों को प्रस्तुत करते हैं। इसकी मद्राएँ बौद्ध और हिन्दू कला से प्रेरित है।

7. मणिपुरी (मणिपुर) - मणिपुरी नृत्य मणिपुर की सांस्कृतिक पहचान हैं। यह नृत्य भगवान कृष्ण और राधा की लीलाओं पर आधारित है। इसमें कोमल और लयबद्ध गतियों का प्रयोग किया जाता है।

8. सत्रिया (असम) - सत्रिया असम का शास्त्रीय नृत्य हैं, जिसे महापुरूष शंकरदेव ने भक्ति आंदोलन के दौरान विकसित किया। यह नृत्य भगवान विष्णु और कृष्ण की कहानियों पर आधारित है।

इसके अलावा कई लोकनृत्य जैसे – भांगड़ा, गरबा, घूमर, लावणी, बिहू, चाऊ, कालबेलिया, गिद्दा इत्यादि भारत की क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विविधताओं के प्रतीक माने जाते हैं।



दीप राज
दशम् 'एफ'
SBPS/13-14/2133

टेराकोटा आर्ट : एक समृद्ध लघु उद्योग

टेराकोटा, जिसका अर्थ है "पकी हुई मिट्टी", भारत की प्राचीनत्तम कला शैलियों में से एक है। यह कला मिट्टी को विभिन्न आकारों और आकृतियों में ढालने और आग में पका कर टिकाऊ और सुंदर वस्तुएँ बनाने की प्रक्रिया है। टेराकोटा कला न केवल भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, बल्कि यह आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन भी है।

टेराकोटा कला का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ा है। उस समय मिट्टी से बनी मूर्तियाँ खिलौने और सजावटी वस्तुएँ दैनिक जीवन का हिस्सा थीं। बाद में यह कला धार्मिक मूर्तियों, मंदिरों की सजावट और उपयोगी वस्तुओं में विकसित हुई। बंगाल, गुजरात, राजस्थान, और तमिलनाडु जैसे क्षेत्रों में टेराकोटा कला का विशेष रूप से लोकप्रिय रही।

टेराकोटा एक लघु उद्योग के रूप में निरंतर कार्यरत है। जो घरेलू महिलाओं को भी निरंतर रोजगार प्रदान करती है। टेराकोटा कला आज भारत में एक महत्वपूर्ण लघु उद्योग का रूप ले चुकी है। यह स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण समुदायों के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्त्रोत है। इस उद्योग में मिट्टी मुख्य कच्चा माल है, जो आसानी से उपलब्ध है।

मिट्टी से बनी होने के कारण टेराकोटा कला पूरी तरह से प्राकृतिक और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना विकसित होने वाला उद्योग है। इसमें मूर्तियाँ, फूलदान, गहने, दीये, सजावटी वस्तुएँ, और टाइलें बनाई जाती है। इस उद्योग को शुरू करने के लिए बड़ी पूंजी की आवश्यकता नहीं होती है। टेराकोटा कला ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हजारों कारीगरों को रोजगार प्रदान करती है।

इस उद्योग में महिलाओं की बड़ी संख्या भाग लेती है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है। इससे परिवार का अधिक विकास होता है। घरेलू और अंतराष्ट्रीय बाजार में टेराकोटा उत्पादों की मांग बढ़ने से यह उद्योग आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण बन गया है।



अनिमेष शाण्डिल्य
नवम् 'ई'
SBPS/24-25/8227





अर्नव गर्ग
प्रथम् 'एफ'
SBPS/24-25/8057

कला की छाया में लोकगीतों की रंगोली

भारत एक सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण देश है, जहाँ हर क्षेत्र की अपनी पहचान उसकी कला और संस्कृति से है। लोकगीत कला और संस्कृति का एक प्रमुख अंग है। सदियों से, लोकगीतों ने किसी क्षेत्र की परंपरा, भावनाओं और जनजीवन का अनोखा चित्र प्रस्तुत किया है, और बहुत ही सरल तरीकों से पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक धरोहर की लोकगीतों के माध्यम से आगे बढ़ाया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जब इन विभिन्न लोकगीतों को कला की छाया में सजाया जाता है, तो यह रंगोली की भाँति खूबसूरती से उभरते हैं। हर क्षेत्र के लोकगीतों की अपनी विशेषता होती है, जो उस क्षेत्र के संघर्षों को, खुशियों को, और पूर्वजों की भावनाओं को व्यक्त करती है। लोकगीत न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनमें जीवन के विविध पहलुओं का सार छिपा होता है, जैसे शादी–ब्याह के मौके पर गाए जाने वाले गीत, फसल कटाई के समय की धुनें, या त्योहारों के उत्साह में गूंजने वाले सुर–हर लोकगीत अपने में ही एक कहानी है।

झारखंड क्षेत्र में लोकगीतों का काफी प्रचलन है। यहाँ के लोकगीत स्थानीय समाज की भावनाओं और जीवन को दर्शाते हैं। इन गीतों में प्रकृति के प्रति प्रेम, श्रम का गौरव, और समुदाय की एकजुटता का संदेश मिलता है। करमा, झूमर, पाटा और सोहर झारखण्ड के कुछ प्रमुख लोकगीत हैं। वे केवल मनोरंजन ही नहीं प्रदान करते हैं, बल्कि जीवन और प्रकृति के प्रति जुड़ाव का अहसास होता है। अतः यह स्पष्ट होता है कि लोकगीत हमारी परंपरा का दर्पण है और वे हमारी जड़ों से जुड़े रहने का माध्यम भी हैं। इनकी रंगोली सजा कर, हम अपनी संस्कृति का सहेज सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को यह उपहार दे सकते हैं।



नव्या लाल
एकादश 'बी'
SBPS/12-13/1781

टेराकोटा : पकी मिट्टी से अद्‌भुत कलाकारी

जब मैं करीब दस वर्ष का था, तब मेरे पिताजी असम से एक मूर्ति लाए थे। मेरे पूछने पर उन्होंने बताया कि वह मूर्ति टेराकोटा से बनी थी। मेरे मन में बहुत जिज्ञासा उठी, कि आखिर टेराकोटा है क्या? बहुत ढूँढ़ने पर पता चला यह एक इतालवी शब्द है जिसका अर्थ होता है पकी मिट्टी। यह एक कला है जा प्राचीन काल से अब तक अपनी लोकप्रियता बरकरार रखे है। यह मिस्र और मेसो पोटामिया से प्राप्त मूर्तियों में भी मिला है। यह प्राचीन रोम और यूनान में भी प्रख्यात था। यह पर्यावरण के अनुकूल भी होता है। टेराकोटा का हर टुकड़ा हाथ से बनाए जाने के कारण अद्वितीय है। लेकिन यह कला समय के साथ अपना अस्तित्व खोती जा रही है यह हमार दायित्व है कि हम अपनी प्राचीन कला, अपनी सांस्कृतिक धरोहर और सभ्यता की पहचान को बचा के रखें। अगर इस देश की नई पीढ़ी अपने इतिहास से परिचित नहीं होगी तो इस देश को विकास की राह पर ले जाने में बहुत सी कठिनाइयाँ आयेंगी जो मिलकर नहीं सुलझायी जा पाएँगी। यह हम सब का कर्त्तव्य है कि हम अपनी धरोहर की डोर को टूटने ना दे। अपनी जड़ों के बिना एक पेड़ को हवा उड़ा देती है उसी प्रकार अपनी संस्कृति के बिना जीवन की कोई दिशा नहीं रह जाती है।



वैष्णव सिंह कश्यप
एकादश 'डी'
SBPS/13-14/2157

हाथों का जादू - मिट्टी से मूर्ति कला

ये हाथ जब तलवार या बंदूक उठाते है, तब सरहद की रक्षा करते हैं, और यही हाथ जब कलम उठाते हैं तब सत्ता को ललकारते है। हमारी भुजा न केवल कलाकार की कल्पनाशक्ति की उजागर करती है, बल्कि यह मानवता की धरोहर भी बन जाती है। यह कला प्राचीन काल से चली आ रही है, और भारतीय संस्कृति में मिट्टी से मूर्तियाँ बनाने की परांपरा विशेष महत्व रखती है।

मिट्टी से मूर्ति बनाने की प्रक्रिया एक जादू के समान होती है। पहले चरण में, कच्ची मिट्टी को इक्कट्ठा किया जाता है। फिर उसे हाथों से गूंथा जाता है ताकि वह पर्याप्त मुलायम और लचीली हो जाऐं इसके बाद कलाकार अपने कल्पनाशील मन के अनुसार उसे आकार देता है। चाहे वह देवी–देवता की मूर्ति हो, या फिर कोई पशु या पक्षी, हर रूप में कलाकार अपनी पूरी मेहनत और लगन से जान डालता है। हाथों की सूक्ष्मता और कौशल से मिट्टी, जो पहले बस एक साधारण वस्तु होती है, एक जीवंत रूप ले लेती है।

इस कला का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें कोई मशीन या अन्य उपकरण का उपयोग नहीं होता। सभी काम कलाकार के हाथों की कला और निपुणता से होते हैं। जैसे–जैसे मूर्ति का आकार बनता जाता है, कलाकार की सोच और संवेदनाएँ उसमें समाहित होती जाती हैं, जो मिट्टी को एक नया रूप देता है। यह एक प्रकार का मानसिक और शारीरिक संचार होता है, जिसमें कलाकार अपनी भावनाओं और विचारों की मूर्त रूप देता है।

भारत में खासतौर पर गणेश चतुर्थी और दुर्गा पूजा के अवसरों पर लोग मिट्टी मूर्तियाँ बनाते हैं और पूजा अराधना करते हैं। साथ ही, यह एक पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी बनता है, क्योंकि मिट्टी की मूर्तियाँ पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं होतीं। इनके अलावा, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हर उत्सव, विशेषकर दीपावली, होली, और अन्य धार्मिक अवसरों पर भी मिट्टी की मूर्तियों का महत्व है।

मिट्टी से मूर्तियाँ बनाने की कला केवल एक शौक नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर भी है। यह कला न केवल पारंपरिक विश्वासों और धर्मों को प्रकट करती है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। जब हम इन मूर्तियों को देखते हैं, तो यह हमें हमारी जड़ों और इतिहास से जोड़ता है।

अंततः, हाथों का जादू – मिट्टी से मूर्ति कला, मानवता की सृजनात्मकता और मेहनत का प्रतीक है। यह कला न केवल सुंदरता का संवर्धन करती है, बल्कि हमारी भावनाओं और संस्कृति को भी जीवित रखती है।



मंजरा ठाकुर
एकादश 'आई'
SBPS/24-25/8221





भालोदिया रियांश
प्रथम 'सी'
SBPS/22-23-/6748

पौराणिक कथाओं में कला की भीनी-भीनी खुशबू

पुराण केवल प्राचीन ग्रंथ नहीं है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं इन ग्रथों में देवताओं और सृष्टि के रहस्यों की अनगिनत गाथाएं सुबह–सुबह स्कूल जाते समय, मंदिरों से उठती अगरबत्ती की सुगंध हवा में धुली होती है। सर्दी की धुंध में साड़ी पहने वृद्ध महिलाएँ अपनी काँपती वाणी से शास्त्रों की पंक्तियों को पढ़ती है, उनके होंठ मंत्रों की धीमी गूंज से भरे रहते हैं। इन पुस्तकों में न केवल आध्यात्मिक ज्ञान बल्कि कला की अद्भुत परंपराएँ भी संजोई गई है।

पुराणों ने भारतीय संस्कृति को जीवन के हर क्षेत्र में समृद्ध किया है। वे न केवल धर्म और आध्यात्म का मार्गदर्शन करते हैं बल्कि कला के हर रूप – चित्रकला, नृत्य साहित्य और वास्तुकला के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। अग्नि पुराण और विष्णु पुराण में चित्रकला के सिद्धांतों का उल्लेख मिलता है। इन ग्रथों में प्रकृति, देवताओं और पौराणिक घटनाओं को चित्रित करने के नियम दिए गए हैं।

पुराणों में नृत्य को भी महत्व दिया गया है। शिव पुराण और भागवत पुराण में नृत्य के दिव्य और आध्यात्मिक रूप का वर्णन मिलता है। शिव का तांडव, जो सृजन और विनाश का प्रतीक है, और कृष्ण की रासलीला जो प्रेम और भक्ति को दर्शाता है, भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं की प्रेरणा बने। भरतनाट्यम, ओडिसी, कथक जैसे नृत्य रूप पुराणों की कहानियों और भावनाओं से जुड़े हुऐ हैं। संगीत भी पुराणों में गहराई से समाहित है। नारद पुराण में संगीत को दिव्य साधना बताया गया हैं इस ग्रंथ में विभिन्न वाद्य यंत्रों का उल्लेख मिलता है जैसे – वीणा बांसुरी और मृदंगम जैसे वाद्य यंत्रों का उल्लेख है, जो आज भी मंदिरों में गूंजते हैं और यह संगीत की गहरी जड़ों को दर्शाता है।

पुराणों में वास्तुकला भी वर्णन है। अग्नि पुराण और मत्स्य पुराण में मंदिरों और उनके निर्माण के सिद्धांत दिए गए हैं। इनमें मंदिरों की संरचना, उनकी ज्यामिति और प्रतिकात्मकता का उल्लेख है। मंदिरों के गर्भगृह, गुंबद और स्तभों को इस तरह बनाया गया है कि वे केवल भौतिक संरचनाएँ न रहकर, एक अध्यात्मिक यात्रा का मार्ग बनें। ये वास्तुकलाएँ आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान हैं।

श्लोक, छंद और स्त्रोत भी पुराणों की अनमोल देन हैं। इन्हें कभी यज्ञ की अग्नि के पास गाया जाता था और आज भी ये हमारी परंपराओं का हिस्सा हैं। शादियों से लेकर मंदिरों में होने वाले अनुष्ठानों तक, इनका महत्व आज भी बरकरार है।

इन पुराणों में न केवल कला के विविध रूप हैं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई गई है। जब शंखनाद होता है, मंदिर की घंटियाँ बजती हैं और अगरबत्ती की सुगंध हवा में धुलती है, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे समय ठहर गया हो। पुराणों की यह भीनी–भीनी खुशबू हमें यह सिखाती है कि जीवन स्वयं एक कला है – भक्ति, सौंदर्य और अनंत गरिमा का संगम।



प्रज्ञाश्री होता
एकादश 'आई'
SBPS/20-21/5967





भालोदिया रियांश
प्रथम 'सी'
SBPS/22-23-/6748

शिक्षा में कला का जादू

शिक्षा और कला दोनों मानव जीवन के अहम पहलू हैं। जहाँ शिक्षा ज्ञान और सूचना का संचार करती है, वहीं कला एक भावात्मक और रचनात्मक दिशा प्रदान करती है। इन दोनों के मिलने से जादुई प्रभाव होता है। शिक्षा में कला का समावेश न केवल शैक्षिक उपलब्धियों को बढ़ाता है, बल्कि यह बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं यह उन्हें न केवल बौद्धिक ज्ञान, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी समझने की क्षमता प्रदान करता है।

शिक्षा में कला का जादू शिक्षा को और भी रोचक एवं सजीव बनाता है। इसके कई फायदे हैं।

शिक्षा में कला विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को उभारता है। चित्रकला, संगीत अभिनय, नृत्य जैसे कला रूप विद्यार्थी में कल्पना शक्ति और नए विचार प्रकट करने की क्षमता को बढ़ावा देते हैं।

आज के प्रतिस्पर्धापूर्ण दौर में विद्यार्थी अक्सर अकेला महसूस करने लगते है और हार से समझौता कर आगे नहीं बढ़ पाते हैं। ऐसे में शिक्षा में कला का समावेश विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का भी माध्यम प्रदान करता है। इस माध्यम को नया से साझा कर सकते हैं।

कला एवं शिक्षा के संगम से हम अपने सांस्कृतिक धरोहर और समाज के विभिन्न जटिल पहलुओं को भी बेहतर समझ सकते हैं। इसके माध्यम से हम एक व्यापक दृष्टिकोण पाते हैं और सामाजिक, एवं सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करना भी सीखते हैं।

जहाँ किताबी ज्ञान हमें जटिल प्रतीत होता है, वहीं शिक्षा में कला के मिलने से हमें चीज़े मजेदार प्रतीत होती है – इससे पढ़ने में भी आनंद आता है। यही नहीं, कला हमारे मानसिक विकास में भी सहायक होता है।

इसका एक फायदा यह भी है कि यह हमें नए तरह से सोचने के लिए भी प्रेरित करता है। हमें जटिल समस्याओं को सरल एवं रचनात्मक तरीके से हल करने की क्षमता देता है। इसके माध्यम से हम स्वतंत्र सोच और अपना स्वतंत्र दृष्टिकोण विकसित कर पाते हैं, रचनात्मकता और अध्ययन कर पातें हैं।

शिक्षा एवं कला का संगम सच में जादुई है!



निष्का राज
एकादश 'आई'
SBPS/14-15/3003





वंशिका
द्वितीय 'एफ'
SBPS/23-24/7368

सपनों को हकीकत बनाएँ

जीवन की यात्रा में, हम अक्सर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम करते है। लेकिन कभी–कभी, हमें लगता है कि हमारी डोरें किसी और के हाथ में हैं। लेकिन क्या यह सच है? क्या हम वास्तव में अपनी डोर नहीं चला सकते?

कठपुतलियों की दुनिया में, हमें यही सीखने को मिलता है। इनकी डोरें उनके निर्माता के हाथ में होती है, लेकिन वे अपनी डोरें खुद चलाने की क्षमता रखती है। वे अपने सपनों की को पूरा करने की क्षमता रखती हैं। वे अपने सपनों को पूरा करने की छमता रखती हैं वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करती है और अपनी डोरें खुद चलाती हैं। इसी तरह, हमें भी अपनी डोरें खुद चलानी होंगी। हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना होगा जैसे कठपुतलियाँ अपने कार्यक्रम/सपनों को पूरा करने के लिए करतीं है।

कठपुतिलियों की डोर हमें सिखाती हैं कि :

अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करें।

अपने जीवन की अपने हाथ में लें।

अपने सपनों की हकीकत बनाएँ।



यशिका सुप्रिया
अष्टम् 'एच'
SBPS/16-17/3749

कठपुतलियों की डोर

डोर से बंधा जीवन

डोर से बंधी कठपुतली,
नाचती है यूँ ही चली,
हाथों में उसके किसका वश,
हर कदम पर धागा कसा।

कभी हंसी कभी रोई,
उसकी खुशी भी पराई हुई,
इशारों पर नाचती रही
खुद की आवाज़ खोती रही।

सपनों का कोई रंग नहीं,
मन में कोई उमंग नहीं,
जब तक डोर रहेगी खींची,
कठपुतली की सांस है सींची।

कभी मिलेगी क्या रिहाई,
या बंधी रहेगी यह परछाई,
डोर जब कट जाएगी,
कठपुतली खुद बन जाएगी।



अदिति सिंह
सप्तम् 'एफ'
SBPS/ 17-18/4441





आदिरा प्रताप
द्वितीय 'ए'
SBPS/21-22/6211

जीवन का सरगम

जीवन एक अनमोल उपहार है, जिसमें हर व्यक्ति को अपनी स्वतंत्रता और रचनात्मकता का अधिकार है। यह पंक्ति "कठपुतलियों की डोर नहीं, जीवन का सरगम" इस गहन सत्य को दर्शाती है कि हमारा जीवन दूसरों के नियंत्रण का साधन नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं, सोच और कर्मों का मधुर संगीत है। कठपुतलियों की डोर परतंत्रता का प्रतीक है। कठपुतलियाँ उन पात्रों का प्रतीक है जो दूसरों के इशारों पर नाचती है। उनका कोई स्वायत्त अस्तित्व नहीं होता। जीवन में भी जब हम दूसरों की उम्मीदों, समाज के नियमों और परंपराओं के दबाव में आकार अपनी इच्छाओं को भूल जाते हैं, तब हम भी कठपुतलियाँ बन जाते हैं। हमारा जीवन केवल एक प्रदर्शन बनकर रह जाता है, जिसमें हमारी भावनाएँ और आत्मनिर्भरता कहीं खो जाती है। यह परतंत्रता मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक स्तर पर हमें बाँध लेती है। जीवन का सरगम तो स्वतंत्रता और रचनात्मकता का प्रतीक है। "जीवन का सरगम" हमें याद दिलाता है कि व्यक्ति के पास एक अनोखी ध्वनि है, जिसे उसे स्वयं रचने और प्रस्तुत करने का अवसर मिलना चाहिए। जीवन का सरगम वह संगीत है जो हमारी रचनात्मकता, स्वतंत्रता और आत्मविश्वास से उत्पन्न होती है। जब हम अपनी क्षमताओं को पहचानकर, अपनी रूचियों और उद्देश्यों को प्राथमिकता देते हैं, तभी हम अपने जीवन को सार्थक और मधुर बना पाते हैं। वर्तमान संदर्भ में इस विचार की प्रासंगिकता उल्लेखनीय है। आज की दुनिया में कई लोग दूसरों की अपेक्षाओं और सामाजिक मानकों के कारण अपने वास्तविक स्वभाव को खो देते हैं। शिक्षा, करियर, और व्यक्तिगत जीवन में भी दम अक्सर दूसरों की डोर से बंधे रहते हैं। लेकिन स्वतंत्र सोच और आत्मनिर्भरता हमें इस जाल से बाहर निकाल सकती है। युवाओं को यह समझना होगा कि उनके सपने और इच्छाएँ सबसे महत्वपूर्ण है। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि हर व्यक्ति का सरगम अलग होता है। परिवार और संस्थाओं को व्यक्तियों को कठपुतलियाँ बनाने के बजाय उन्हें अपनी पहचान और स्वर खोजने का मौका देना चाहिए। इसका सरल उपाय है यह है कि हम सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। जीवन का सरगम रचने के लिए जरूरी है कि हम खुद पर विश्वास करें। हमें आत्म विश्लेषण करना होगा और यह समझना होगा कि हम किस दिशा में जाना चाहते हैं। इसके लिए हमें साहसिक बनना होगा। दूसरों की डोर से मुक्त होकर अपनी राह चुनने का साहस दिखाएँ। यदि हम सपनों को साकार करना चाहते हैं तो अपने जीवन को अपने मूल्यों और उद्देश्यों के अनुसार ढालें। "कठपुतलियों की डोर नहीं जीवन का सरगम" केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आदर्श जीवनशैली का संदेश है। यह हमें सिखाता है कि जीवन के दूसरों के निर्देशों से संचालित नहीं करना चाहिए, बल्कि अपनी स्वतंत्रता और रचनात्मकता का उत्सव मनाना चाहिए। हर व्यक्ति के जीवन का संगीत अनोखा है, और इसे अपनी धुन पर बजने देने का साहस ही असली जीवन जीने का सार है। "कठपुतलियों की डोर नहीं, जीवन का सरगम" हमें यह याद दिलाता है कि वास्तविक सुंदरतम स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता में है। जबकि अपनी धुन पर चलने का साहस हमें नए आयामों तक पहुँचने का अवसर देता है। यह विचार हमें प्रेरित करता है कि हम अपने सपनों, इच्छाओं और आत्मा की आवाज़ को प्राथमिकता दें। यह केवल व्यक्तिगत विकास का मार्ग नहीं है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव का आधार है। जब हर व्यक्ति अपना सरगम रचेगा, तभी समाज में समृद्धि, संतुलन और सामंजस्य स्थापित होगा। इसलिए, हमें यह तय करना है कि हम कठपुतली बनकर दूसरों के इशारों पर नाचते रहेंगे या अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपनी धुन खुद रचेंगे। याद रखें, जीवन एक अनमोल उपहार है, और इसे अपने अनोखे संगीत से भरना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी और सबसे बड़ा आनंद है।



साक्षी राज
नवम् 'ई'
SBPS/18-19/5037

कठपुतलियों की यही कहानी

हाथों में बँधी जो डोर,
चलती जहाँ, करती हिलोर।
न अपनी चाल, न अपनी बात,
बस किसी और का है साथ।

चमकीले कपड़े, मुस्कान झूठी,
भीतर की ख़ामोशी सब छूटी।
न कोई ख़्वाब, न कोई सवेरा,
हर दिन वही दोहराता बसेरा।

डोर खींचते, खेल दिखाते,
मनचाहे पथ पर दौड़ लगाते।
पर क्या कभी सोचा–समझा?
इनकी भी अनजानी–सी चाहतें होंगी?

मन में एक टीस उठती है,
कठपुतली भी सोचती है,
काश! कभी खुद की हो डोर,
जिएँ बिना किसी के जोर।

लेकिन यथार्थ ने कस दी मुट्ठी,
आजादी के सपनों की हुई छुट्टी।
कठपुतलियों की यही कहानी,
सच का मुखौटा, झूठी जवानी।



वन्दन्या
एकादश 'डी'
SBPS/13-14/2203

हम मनुष्य हैं, कठपुतलियाँ नहीं

जब कठपुतलियों का बनाया जाता है, तब उन्हे एक डोर के साथ बांधा जाता है, जो उस कठपुतली को नचाने में मदद करता है। यह बस कठपुतलियों के ऊपर नहीं है हमारे जीवन में भी कुछ ऐसा होता है। जब हम एक बच्चे होते हैं तब हम अपने माता–पिता की डोर से नाचते हैं। जब थोड़े बड़े होते हैं तब पढ़ाई की डोर से नाचते हैं। जब हम काम करना शुरू करते हैं तब हम अपने उपर वाले इन्सान की डोर पर नाचते हैं। जब कठपुतलियों को कोई नचाने वाला नहीं होता तो उसका कोई काम नहीं होता। वैसे ही, अगर हम किसी की डोर से नाचना बंद कर देते हैं, तो हमारा मूल्य खत्म हो जाता है। इसलिए हमें कोशिश करना चाहिए कि हम किसी की कठपुतली न बनें। एक उम्र के बाद हमें आत्मनिर्भर बनना चाहिए, तभी हमारी पहचान बनेगी। हम इन्सान हैं न कि कठपुतली।





गनीव कौर
नवम् 'सी'
SBPS/17-18/4430



आरोही सिंघानिया
प्रथम 'ई'
SBPS/24-25/8293

अनोखा संसार कठपुतलियों का

कठपुतलियों का संसार एक अद्भुत कला और मनोरंजन का माध्यम है, जिसमें सजीवता और कल्पना का मोल होता है। यह न केवल बच्चों को आनंदित करता है, बल्कि समाज को भी महत्वपूर्ण संदेश देने का सशक्त माध्यम है। कठपुतलियाँ अपनी सरलता में गहराई और प्रभावशीलता को समेटे हुए हैं। उनकी डोरें भले ही संचालक के हाथों में होती हैं, लेकिन वे भावनाओं, कहानियों और संस्कारों की जीवंत करने का अद्भुत कौशल रखती है। कला और मनोरंजन के क्षेत्र में कठपुतलियों का एक विशेष स्थान है। ये न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि समाज के लिए शिक्षा, संस्कृति, और परंपराओं के संवाहक भी हैं। कठपुतलियाँ, जिन्हें "पपेत्स" भी कहा जाता है, एक ऐसा अद्भुत माध्यम है, जो बिना कुछ कहे अपनी भाषा और हरकतों से दिलों की छू लेती हैं।

कठपुतलियों का इतिहास बहुत पुराना है। प्राचीन भारत, ग्रीस, चीन और मिस्र में कठपुतली कला की झलक मिलती है। भारतीय संस्कृति में इसे "पुतली नाच" कहा जाता है और राजस्थान की कठपुतली कला विश्व प्रसिद्ध है। यह कला न केवल मनोरंजन का साधन थी, बल्कि सामाजिक, धार्मिक और नैतिक शिक्षा का माध्यम भी रही है। राजा–महाराजाओं के दरबारों में यह कला लोकप्रिय थी और आज भी यह संस्कृति का अभिन्न अंग है। कठपुतलियाँ विविध प्रकार की होती हैं। राजस्थान में लोकप्रिय ये लकड़ी की बनी होती हैं और डोरियों से संचालित होती हैं। हाथ की कठपुतलियाँ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग तो है ही यह हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। कठपुतलियों के माध्यम से दहेज प्रथा, बाल विवाह, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाई जाती है।

यह कला प्राचीन परंपराओं और लोक कथाओं की जीवित रखने का कार्य करती है। कठपुतलियाँ बच्चों और वयस्कों दोनों को आनंदित करती हैं। उनके माध्यम से जादुई और कल्पनाशक्ति कहानियाँ प्रस्तुत की जाती हैं।



धृति हंस
नवम् 'ई'
SBPS/14-15/2562

कठपुतलियों की डोर

कठपुतलियों की डोर है हाथों में,
चलते है जैसे उसके साथ में,
हर कदम पर कोई है चलता,
हम बस नाचते हैं, मन समझता।

कभी हँसी के पल दिखा जाता,
कभी आँसू से दिल भर जाता।
खुद की मर्जी कहाँ बच पाई,
डोर पर किसी और की परछाई।

सपने देखे, पर टूटे हैं सारे,
जैसे आसमान में बादल हारे।
क्या डोर कभी टूटेगी ऐसे,
या हम सदा बंधे रहेंगे वैसे।



श्रेयांश राज
